E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 158 / 2025 दिनांक : 05 / 03 / 2025

संशोधित

सेवा में,

1. **प्राचार्य / प्राचार्या,**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर नगर।
2. **निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी,**
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, कानपुर नगर।

विषयः– सत्र 2024–25 की अन्तरविश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं / एन0सी0सी0 (आर0डी0सी0) परेड / कैम्प एवं अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों के दौरान छात्र / छात्राओं की छूटी परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या– सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / COE / 120 / 2025 दिनांक 19.02.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2024–25 की अन्तरविश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं / एन0सी0सी0 (आर0डी0सी0) परेड / कैम्प एवं अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों के दौरान जिन प्रतिभागी छात्र / छात्राओं की लिखित / मौखिक / प्रायोगिक परीक्षायें छूट गयी थी ऐसे सभी छात्र / छात्राओं की विशेष पूरक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित छात्र / छात्राओं की सूची निर्धारित प्रारुप पर अधोहस्ताक्षरी को विलम्बतम 03 कार्यदिवसों में उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया गया था। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अभी तक सूचना प्रेषित नहीं की गयी है।

अतः आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर के समस्त निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या से अनुरोध है कि सम्बन्धित छात्र / छात्राओं की सूची निर्धारित प्रारुप (निम्नानुसार) पर ई–मेल coeoffice@csjmu.ac.in के माध्यम से दिनांक 08.03.2025 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे प्रतिभागी छात्र / छात्राओं की विशेष पूरक परीक्षा से सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण की जा सके। निर्धारित तिथि दिनांक 08.03.2025 के पश्चात् प्राप्त किसी भी आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा उनकी परीक्षा कराया जाना सम्भव नहीं होगा। उपरोक्त से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना हेतु डॉ0 आशीष कटियार (Mob. 9935277478) से सम्पर्क कर सकते हैं।

क्र0सं0	छात्र / छात्रा का नाम	महाविद्यालय / संस्थान का नाम	नामांकन संख्या	अनुक्रमांक	पाठ्यक्रम का नाम	प्रश्न–पत्र कोड	प्रश्न–पत्र का नाम	छूटी हुई परीक्षा की तिथि

भवदीय

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैय0 सहायक, प्रति–कुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. डीन एकेडमिक / अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
4. सचिव क्रीड़ा परिषद्।
5. पी0एम0यू0 / कोडिंग।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

(राकेश कुमार मिश्र)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)